# भारत निर्वाचन आयोग

निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001

# प्रेस नोट

सं. ईसीआई/प्रे.नो./29/2017 दिनांक : 23 मार्च, 2017

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यकारी बोर्ड की बैठक और एशियाई निर्वाचन प्राधिकारियों के संघ की महासभा की अध्यक्षता करना।

भारत निर्वाचन आयोग ने 20 मार्च, 2017 को मनीला में वर्ष 2017 की कार्यकारी बोर्ड की बैठक और एशियाई निर्वाचन प्राधिकरणों के संघ (एएईए) की महासभा (जीए) की अध्यक्षता की। डा. नसीम ज़ैदी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी और अध्यक्ष, एएईए ने ईबी बैठक और जीए की अध्यक्षता की। एएईए के बीस ईएमबी से चेयरपर्सन/सदस्यों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने जीए और ईबी के विचार-विमर्श में हिस्सा लिया। कार्यकारी बोर्ड, महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा करने के लिए वर्ष में एक बार बैठक करता है और संघ की महासभा जिसकी दो वर्ष में एक बार बैठक होती है, को रिपोर्ट करता है।




डा. ज़ैदी ने क्षेत्र में ईएमबी के साथ अनुभव साझा करने और क्षमता संवर्धन की भारत निर्वाचन आयोग की प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एएईए को इसके अंतर्गत एशिया के और देशों को स्थान देकर इसे स्वयं को वास्तव में प्रतिनिधि बनाना चाहिए। कार्यकारी बोर्ड (ईबी), जिसमें भारत (अध्यक्ष) फिलीपीन (उपाध्यक्ष) और तीन ईबी सदस्य (यथा भूटान, मंगोलिया और कोरिया गणराज्य) शामिल थे, के समक्ष अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि अक्टूबर, 2014 से जबसे ईसीआई ने एएईए के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला है तो इसे संघ के कार्य विकसित करने में फिलीपीन, इसके उपाध्यक्ष और कोरिया, मंगोलिया एवं भूटान इसके कार्यकारी सदस्यों से लाभदायक

वार्तालाप हुआ और उनका सहयोग भी मिला है। उन्होंने इन प्रयासों में एएईए के सदस्य ईएमबी का उनके मूल्यवान योगदान के लिए आभार प्रकट किया।

डा. नसीम जैदी, माननीय मुख्य निर्वाचन आयुक्त एएईए कार्यकारी बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

श्री उमेश सिन्हा, उप-निर्वाचन आयुक्त और कार्यकारी सचिव, एएईए ने कार्यकारी बोर्ड और साथ ही महासभा के समक्ष वर्ष **2015-16** की सचिवालय रिपोर्ट और वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने सितम्बर, 2015 में कार्यकारी बोर्ड द्वारा अनुमोदित वर्ष **2015-16** की कार्य-योजना को क्रियान्वित करने के लिए ईसीआई द्वारा किए गए कार्यों के बारे में सदस्यों को संक्षिप्त विवरण दिया।

कार्यकारी बोर्ड ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित, बोर्ड के सदस्यों, की संख्या पांच से बढ़ाकर सात करने के लिए एएईए चार्टर में संशोधन करने का निर्णय लिया है ताकि एएईए के बीस सदसीय ईएमबी का बेहतर और भौगोलिक रूप में भी संतुलित प्रतिनिधित्व हो सके।

कार्यकारी बोर्ड ने विश्व निर्वाचन निकाय के संघ का यह प्रस्ताव भी अनुमोदित कर दिया कि एएईए ए-वेब का सह-सदस्य बन गया है। ए-वेब (www.aweb.org) को निर्वाचन प्रबंधन का सबसे बड़ा संस्थान माना जाता है। इसके **106** सदस्य संस्थान हैं और युनाईटिड नेशनस डेवेलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी), इंटरनेशनल इंस्टीटयूट फोर डेमोक्रेसी एंड इलैक्टोरल असिस्टेंस (आईडीईए), और इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलैक्टोरल सिस्टम (आईएफईएस) आदि सहित विभिन्न संस्थानों का भागीदार (पार्टनर) है। ए-वेब का सह-सदस्य बनने पर एएईए को पारस्परिक सूचना और सुविज्ञता एवं सर्वोत्तम पद्धतियों के एक वैश्विक प्लेटफार्म तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर ईसीआई ने सोफीटेल होटल, मनीला में COMELEC द्वारा आयोजित एक्सपो में भी भाग लिया और एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया एवं भारत में निर्वाचन प्रबंधन के विभिन्न

पहलुओं को प्रदर्शित करते हुए वहां ईसीआई के प्रकाशन रखे। महासभा, जो ईबी बैठक के बाद आयोजित की गई, में भारत निर्वाचन आयोग ने, एएईए के बीस ईएसबी सदस्यों का बेहतर और भौगोलिक रूप से संतुलित प्रतिनिधित्व करने के लिए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित ईबी के सदस्यों की संख्या को पांच से बढ़ाकर सात करने के लिए, सामान्य सभा के पहले आधे भाग की अध्यक्षता की और एएईए चार्टर के संशोधन की समीक्षा की। एएईए चार्टर के संशोधन के पश्चात भारत निर्वाचन आयोग ने नए अध्यक्ष के निर्वाचन की अध्यक्षता की (अर्थात् फिलीपीन-कॉमलेक का निर्वाचन संबंधी आयोग) और कामलेक को मार्च 2019 तक दो वर्ष की अवधि के लिए अध्यक्षता सौंपी।

नए अध्यक्ष (अर्थात् फिलीपीन्स) के निर्वाचन के पश्चात साधारण सभा द्वारा सर्वसम्मति से नए कार्यकारी बोर्ड के शेष सदस्यों को चुना गया। रूस के उपाध्यक्ष और भारत के पदमुक्त अध्यक्ष के रूप में नए ईबी का पद धारण करते हुए नए कार्यकारी बोर्ड के लिए इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, पाकिस्तान और ताइवान से ईएमबी का निर्वाचन किया गया है।

साधारण सभा के पश्चात, भारत निर्वाचन आयोग ने 'निर्वाचनों में महिलाओं को मुख्य धारा में लाने और उनके सामाजिक समावेशन' पर प्रस्तुतीकरण दिया। फिलीपीन्स, नेपाल, ताइवान, कंबोडिया, मालदीप, मंगोलिया, रूस और श्रीलंका के ईएमबी ने भी सदस्य ईएमबी के बीच अनुभव की साझेदारी करने के उद्देश्य से इसी विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया।

भारत एएईए का संस्थापक सदस्य है जिसकी स्थापना 1998 में की गई थी और जिसमें 20 ईएमबी सदस्य हैं। भारत के अलावा अफगानिस्तान, बंगलादेश, भूटान, कंबोडिया, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, दक्षिण कोरिया, किरगिज, पपुआ न्यू गीनिया, फिलीपीन्स, रूसी संघ, श्रीलंका, ताइवान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान अन्य सदस्य हैं। एसोसिएशन का विजन मुक्त और पारदर्शी निर्वाचनों, स्वतंत्र और निष्पक्ष प्राधिकारियों एशियाई निर्वाचन अधिकारियों के व्यवसायीकरण, निर्वाचन और

नागारिक प्रक्रिया में नागरिक भागीदारी, सूचना की साझेदारी और निर्वाचन संबंधी सूचना और अनुसंधान के लिए संसाधनों के विकास को प्रोन्नत करना और उनका संस्थाकरण करना है।

**(धीरेन्द्र ओझा)**
निदेशक